अनुक्रमांक : ......................................

कूट सं. : 8-20-21 H(H)–A

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं और कुल 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

# कक्षा-आठवीं

## हिंदी (Higher)

## वार्षिक परीक्षा (Feb.-Mar. 2021)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
2. सभी खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न पत्र में दी गई है।

### खंड-क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

मानव बुद्धिशील प्राणी है। जिस विषय पर दूसरे प्राणी विचार नहीं कर सकते हैं, उन पर वह चिंतन करता है। इसी कारण वह संसार के समस्त जीवधारियों में श्रेष्ठ माना जाता है। जहाँ एक ओर उसमें विद्या, बुद्धि, प्रेम आदि श्रेष्ठ गुण विद्यमान हैं, वहीं दूसरी ओर वह राग, द्वेष, हिंसा आदि बुरी प्रवृत्तियों से भी ओत-प्रोत है। अपने अंदर श्रेष्ठ तत्वों का विकास करने के लिए मानव को स्वावलंबी बनना पड़ेगा। दूसरों का सहारा छोड़कर केवल अपने सहारे पर जीवन बिताना स्वावलंबन कहलाता है। अपने पैरों पर खड़ा होने वाला व्यक्ति न तो समाज में निरादर पाता है और न घृणा का पात्र ही

होता है। वह अपने बल पर पूर्ण विश्वास प्राप्त करता है। वास्तव में, स्वावलंबन मानव का वह गुण है, जो उसे आत्मविश्वासी बनाता है। जो व्यक्ति स्वयं कर्मठ एवं स्वावलंबी नहीं है, ऐसे व्यक्ति की कोई भी सहायता नहीं करता है और ऐसे व्यक्ति का जीवन पशु से भी हीन होता है। आज के युग में उसी का जीवन सार्थक है जो स्वावलंबी है क्योंकि स्वावलंबन जीवन का मूल मंत्र है। जो लोग स्वावलंबन को एक ढकोसला तथा सिद्धांत मात्र मानते हैं, वे अपने अल्पज्ञान का परिचय देते हैं। जो व्यक्ति इस प्रकार का विपरीत तर्क देते हैं, वे कुंठाओं से घिरे होते हैं। ऐसे लोग तर्क के आधार पर स्वावलंबी लोगों को एकांत में खड़े होने वाले अरण्य का वृक्ष मानते हैं। ऐसा मानना उनकी भूल है। स्वावलंबन चाहे व्यक्ति का हो या समाज का अथवा राष्ट्र का, वह समान रूप से महत्त्व रखता है। दूसरे व्यक्ति का मुख देखने वाला मानव, दूसरे समाज पर आशा लगाने वाला समाज और किसी अन्य राष्ट्र पर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निर्भर रहने वाला राष्ट्र कभी भी उन्नति नहीं कर सकता, क्योंकि उसे हर समय सहायता नहीं मिल सकती और कार्य आरंभ करने में दूसरे की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। अत: प्रत्येक छोटे-से-छोटा कार्य हिम्मत के साथ स्वावलंबनपूर्वक हमें स्वयमेव कर लेना चाहिए।

(i) संसार के समस्त जीवधारियों में किसे श्रेष्ठ माना जाता है और क्यों? 2

(ii) कैसे लोगों का जीवन पशु से भी हीन माना गया है? स्पष्ट कीजिए। 2

(iii) किस बात को मनुष्य की भूल कहा गया है? 2

(iv) किस प्रकार का मानव, समाज और राष्ट्र उन्नति नहीं कर सकता? 2

(v) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक तर्क सहित लिखिए। 2

## खंड-'ख'

2. (क) निम्नलिखित शब्द में उपयुक्त चिह्न (अनुस्वार / अनुनासिक) का प्रयोग कर पुनः लिखिए– ½

मूदकर

(ख) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर नुक्ता लगाइए– ½

गिरफ्तार

(ग) निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए– 1

व्यथ

भष्ट

3. (क) निम्नलिखित शब्द का तत्सम रूप लिखिए– 1

आँख

(ख) 'इक' प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाइए। 1

4. (क) 'उपहार' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए। 1

(ख) 'शत्रुता' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। ½

(ग) दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए– ½

आकाश में विचरने वाला

5. (क) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए– 2

यद्यपि

उद्धार

(ख) निम्नलिखित शब्द की संधि कीजिए– 1

दिक् + गज

6. (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए– 2

यथासमय

विद्याधन

(ख) निम्नलिखित विग्रह का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए– 1

गिरि को धारण किया है जिसने

7. (क) दिए गए वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए– 2

(i) जब तुम पढ़ रहे थे तब मैं खेल रहा था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ii) उस सुंदर फ्रॉक पर सितारे लगे हुए थे। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ख) अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद बताइए– 1

अरे ! तुम यहाँ भी आ गए।

(ग) दिए गए वाक्य को शुद्ध करके लिखिए– 1

उसकी आवाज कान में सुनाई पड़ी।

(घ) दिए गए वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए– 1

सहमते हुए उसने पूछा, इस कार्यवाही में कितना समय लग जाएगा, साहब

8. दिए गए वाक्य को उचित मुहावरे द्वारा पूर्ण कीजिए– 1

उसकी तो आदत ही ऐसी है, ज़रा-सी बात का ................................... बना देती है।

9. 'श्लेष' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

## खंड-'ग'

10. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए– 2×3=6

(क) स्वतंत्र उड़ने के लिए पक्षी क्या-क्या बलिदान करने को तैयार हैं? कविता 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' के आधार पर बताइए।

(ख) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के कवि का नाम बताइए। कविता में कवि ने पक्षियों के खाने-पीने की किन पसंदीदा वस्तुओं का वर्णन किया है?

(ग) आँधी से कौन-कौन डरा हुआ था? 'निर्माण' कविता के आधार पर बताइए।

(घ) कवि को ऐसा क्यों लगता है कि इस रात के बाद सुबह नहीं आएगी? कविता 'निर्माण' के आधार पर लिखिए।

11. पक्षियों ने अपनी पीड़ाओं और इच्छाओं का वर्णन किस प्रकार किया है? कविता 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' आधार पर लिखिए। 4

**अथवा**

कविता 'निर्माण' में कवि ने मनुष्य को निराशा से मुक्त करने के लिए कौन-कौन से उदाहरण दिए हैं?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए– 2×3=6

(क) शाह ने दारा को ही उत्तरी ईरान के एक प्रांत का गवर्नर बनाकर क्यों भेजा?

(ख) पड़ोसिन ने तूश दागी करने के लिए लेखक की पत्नी को किस प्रकार दोषी ठहराया?

(ग) एकांकी 'बहू की विदा' के आधार पर राजेश्वरी देवी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) अम्मा ने मायके जाने की धमकी क्यों दी? कहानी 'कामचोर' के आधार पर लिखिए।

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (40-50 शब्दों में) लिखिए– 3×3=9

(क) आदिवासियों को हिम्मत दिलाने के लिए अल्लूरी सीताराम राजू ने किसका उदाहरण दिया और उनके किन सिद्धांतों के बारे में बताया?

(ख) कल्पना की सोच अन्य लड़कियों से किस प्रकार भिन्न थी?

(ग) किन कारणों से लेखक को श्रीधर से जलन हुई? पाठ 'पौधे के पंख' के आधार पर लिखिए।

(घ) किन स्थितियों में ईर्ष्यालु व्यक्ति उन्नति कर सकता है? पाठ 'ईर्ष्या तू न गई मेरे मन से' के आधार पर लिखिए।

14. गाँधी जी ने आत्मशुद्धि पर लेख क्यों लिखा? उन्होंने सरोजिनी नायडू की प्रतिक्रिया का क्या उत्तर दिया? 5

**अथवा**

पाठ 'जब भोलाराम ने पंप लगाया' में 'महान राष्ट्रीय परंपरा' किसे कहा गया है? पाठ के माध्यम से किस सच्चाई को उजागर किया गया है?

## खंड-'घ'

15. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर (80–100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए– 5

(i) वर्तमान समय में मोबाइल की भूमिका

- आवश्यकता
- शिक्षा में सहायक
- युवा पीढ़ी द्वारा दुरुपयोग
- उपयोग समझते हुए सदुपयोग की प्रेरणा

(ii) मुझे व्यायाम की आवश्यकता है क्योंकि

- व्यायाम का अर्थ
- व्यायाम का स्वास्थ्य पर प्रभाव
- तनाव से मुक्ति
- वर्तमान में आवश्यकता

(iii) स्वच्छ भारत : स्वच्छता की ओर बढ़ते कदम

- स्वच्छ भारत अभियान का आरंभ
- लक्ष्य
- वर्तमान भारत में स्वच्छता के प्रति दृष्टिकोण
- नागरिकों का कर्त्तव्य

16. आपके चाचाजी ने नया घर लिया है। उन्हें बधाई देते हुए पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने क्षेत्र की सड़कों की बुरी दशा की जानकारी देते हुए और उन्हें ठीक कराने की प्रार्थना करते हुए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिए।

17. आप ट्रेन से कहीं जा रहे हैं। आप अपने सहयात्री के साथ परिचय करना चाहते हैं। उसके साथ हुई बातचीत संवाद रूप में लिखिए। 5

18. आपके विद्यालय में ऑनलाइन 'काव्य गायन प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा आठवीं के छात्रों को इसकी आवश्यक जानकारी देते हुए सूचना लिखिए। 5

❑❑❑